## संक्षिप्त

### तीन लाचार पीड़ित बहनों को मदद

**भरतपुर ।** बयाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत मिलकपुर के सेवला गांव में कुछ दिनों पहले पिता की मौत के बाद घर में बड़े बेटे ने घर की जिम्मेदारी निभानी चाही लेकिन ईश्वर को यह मंजूर नहीं था और घर का बेटा बेटा भी अकस्मात दुनिया छोड़ गया जिनके पीछे तीन बहनों जिनमें एक गूंगी बहरी और बुजुर्ग मां कि लालन पालन कि जिम्मेदारी को समझते हुए गांव सेवला के युवाओं ने सोशल मीडिया का सदुपयोग करते हुए व्हाट्सएप ठ्रुप के माध्यम से लोगों को जोड़कर सहयोग करने की ठानी और सहयोग इकट्ठा किया जिसकी टोटल कुल राशि 1 लाख 21 हज़ार रुपए आज पीड़ित परिवार को ठ्रामीणों और युवाओं की मौजूदगी में सुपर्द की । इस दौरान उपस्थित समाज सेवी मुकेश कुमार मीना( राजपुलिस) सेवला, बहादुर मास्टर प्रेम सिंह मास्टर किशोरी मास्टर गरीबा अशोक कुशवाह निर्भय सतीश मीणा नमोनारायण पीपरी, बिजेंदर सिंह बिरेटा विक्रम रिछोली वेदप्रकाश नंबरदार जल सिंह मिलकपुर एवं समस्त ठ्राम वासी के समक्ष राशि पीड़ित परिवार के लिए सुप्रीत की । ऐसे पीड़ित लाचार परिवारों को सर्व समाज के सहयोग करने वाली सोशल मीडिया की मुहिम को लोगों ने सराहा किसी परिवार के साथ ऐसा अन्याय ना हो लेकिन यदि समाज में कोई ऐसा पीड़ित और लाचार परिवार रहता है तो हम सबको मिलकर इंसानियत और मानवता के नाते मदद करने में आगे रहना चाहिए।

### एडीएम से मुलाकात

**गंगापुर सिटी ।** कान्हा गौ सेवा समिति चकछावा के पदाधिकारियो ने एडीएम रामकिशोर मीना से मुलाकात कर क्षेत्र में घूम रही अवारा गौवंश को लेकर मुलाकात की एवं क्षेत्र में घूम रही आवारा गौवंश को प्रशासन की सहायता से गौशाला में भिजवाने का आग्रह किया। इस दौरान समिति के सचिव नरेश सिंह मीना एवं हरि माली ने एडीएम का माला पहना कर व स्मृति चिन्ह दे कर सम्मान किया। इस दौरान एडीएम ने कान्हा गौशाला की इस पहल का स्वागत करते हुए आवारा गौ वंश के रख रखाव के लिए गौशाला का सहयोग करने का आश्वासन दिया। उन्होने कहा कि यदि सभी गौशाला संचालक इसी तरह की सोच रखे तो सम्पूर्ण राजस्थान में एक भी गौ वंश सडको पर आवारा नहीं घूमे जिससे दुर्घटना से राहत मिल सके।

### विश्व विरासत दिवस मनाया

**करौली ।** विश्व विरासत दिवस के अवसर पर इंडियन नेशनल ट्रस्ट फॉर आर्ट एंड कल्चरल हेरिटेज के करौली चैप्टर के तहत कैलादेवी टेंपल ट्रस्ट सीनियर सेकेंडरी स्कूल कैला देवी में स्थापित यंग इंटक क्लब की सदस्य छात्राओं द्वारा विश्व विरासत दिवस मनाया गया। विद्यालय कि प्रिंसिपल श्रीमती मुखर्जी एवं क्लब की इंचार्ज श्रीमती किरण जादौन प्राची ने कार्यक्रम को संबोधित किया इसके उपरांत क्लब कि सदस्य छात्राओं को करौली के प्राचीन महलों की विजिट करवाई गई जहां पर उन्हें करौली के पत्थर के स्थापत्य कला चित्र शैली एवं बारीक नक्काशी तथा इतिहास से परिचित कराया गया। छात्राओं को भ्रमण के दौरान क्लब इंचार्ज किरण जादौन,मुकेश सोनी ने तथा सिटी पैलेस के कर्मचारियों ने गोपाल मंदिर,रावल की पेंटिंग्स,पत्थर की जालियों के काम के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। साथ ही विरासत सरंक्षण कि आवश्यकता पर भी जोर दिया।

### 10 माह से फरार चल रहा था आरोपी

**गंगापुर सिटी ।** पोस्ट ऑफिस मोरपा शाखा के डाकपाल द्वारा किए गए 18.42 लाख रुपए के गबन मामले में पुलिस ने बडी कामयाबी हासिल करते हुए 10॰ महीने से फरार चल रहे आरोपी जसराम मीना को गिरफ्तार कर लिया है। करौली जिले के बालघाट थाना क्षेत्र के पाडली गांव निवासी 35 वर्षीय जसराम मीना ने डाकपाल के पद पर रहते हुए खाताधारकों की जमा और निकासी की राशि को सरकारी खाते में नहीं डाला। इस मामले की शिकायत गंगापुर सिटी डाकघर के सहायक अधीक्षक उमेशचंद ने 11 जून 2024 को बाटोदा थाने में दर्ज कराई थी। आईजी भरतपुर रेंज और एसपी सवाई माधोपुर के निर्देश पर चलाए जा रहे वांछित अपराधियों की धरपकड अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। एएसपी बौली और डीएसपी बामनवास के सुपरविजन में थानाधिकारी यशपाल सिंह के नेतृत्व में टीम ने मुखबिर की सूचना पर आरोपी को कस्बा बाटोदा से पकडा। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधडी और आपराधिक विश्वासघात की धाराओं में मामला दर्ज किया है।

# ग्राम पंचायत टोकसी को नवसृजित पंचायत समिति वजीरपुर में शामिल करने का विरोध

- महिला व बच्चों के साथ एडीएम को सौपा ज्ञापन



गंगापुर सिटी एडीएम कार्यालय में प्रदर्शन करते टोकसी गांव के महिला पुरूष।

**गंगापुर सिटी ।** ग्राम पंचायत टोकसी को नवसृजित पंचायत समिति बजीरपुर में शामिल करने के सरकारी फैसले के विरोध में ग्रामीणो ने एडीएम रामकिशोर मीणा को ज्ञापन सौंपा और टोकसी ग्राम पंचायत को गंगापुर सिटी पंचायत समिति में ही यथावत रखने की मांग की। इससे पहले ग्रामीण टोकसी गांव से ट्रेक्टर ट्रॉली, जीप मोटरसाईकिलो पर सवार होकर नारेवाजी करते हुए एडीएम कार्यालय पहुंचे जहां पर ग्रामीणो ने सरकार के खिलाफ व स्थानीय जनप्रतिनिधियो के खिलाफ जमकर नारेवाजी करते हुए टोकसी ग्राम पंचायत को पंचायत समिति गंगापुर सिटी में ही रखने की मांग की । टोकसी सरपंच ने बताया कि जिला कलेक्टर कार्यालय ने 7 अप्रैल 2॰25 को एक अधिसूचना जारी की है।

इसमें टोकसी को गंगापुरसिटी से अलग कर बजीरपुर में शामिल किया गया है। पूर्व सरपंच दयाराम मीणा और पवन टोकसी समेत ग्रामीणों का कहना है कि यह फैसला जनभावनाओं के विरुद्ध है। टोकसी गंगापुरसिटी से मात्र 4 किलोमीटर की दूरी पर है। वहीं, बजीरपुर 2॰ किलोमीटर दूर स्थित है। टोकसी नगर परिषद गंगापुरसिटी की सीमा में आता है। नगर परिषद ने यहां की कई राजस्व भूमि को आवासीय घोषित कर रखा है। टोकसी के सभी सरकारी कार्यालय जैसे उपखंड, तहसील और पुलिस थाना गंगापुरसिटी में स्थित हैं। लोगों को रोजमर्रा के कामों के लिए गंगापुरसिटी जाना पडता है। पंचायत समिति का काम बजीरपुर से होने पर उन्हें 2॰ किलोमीटर की दूरी तय करनी पडेगी। ग्रामीणों ने बताया कि पेंशन सत्यापन, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र और खाद्य सुरक्षा संबंधी कार्यों के लिए बजीरपुर जाना पडेगा। टोकसी से गंगापुरसिटी को पेयजल की आपूर्ति होती है। इस तरह टोकसी का गंगापुरसिटी से पहले से ही गहरा जुडाव है। ग्रामीणों ने मांग की है कि जनभावनाओं का सम्मान करते हुए टोकसी को गंगापुरसिटी पंचायत समिति में ही रखा जाए।

## एस.डी.एम. से की कार्रवाई की मांग

**गंगापुर सिटी ।** ग्राम पंचायत छावा की चारागाह भूमि पर अवैध गोशाला संचालन का मामला सामने आया है। ग्राम पंचायत के प्रशासकों और स्थानीय लोगों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा है। वार्ड नंबर 2 के चक छावा में एक व्यक्ति ने 15.85 हेक्टेयर सरकारी जमीन पर कब्जा कर रखा है। यह भूमि खसरा नंबर 33, खाता संख्या 7॰ में दर्ज है। यह जमीन पहले पटवार हल्का मऊ कला में थी, जो अब ग्राम पंचायत छावा के अधीन है। कब्जाधारी व्यक्ति इस जमीन पर कान्हा गोशाला चला रहा है। ग्राम पंचायत ने इस गोशाला के लिए कोई अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी नहीं किया है। न ही कोई सुरक्षा या सहायता प्रदान की गई है।

शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि संचालक ने सरपंच और ग्राम विकास अधिकारी के लेटरपैड पर फर्जी दस्तावेज तैयार कर रखे हैं। पंचायत की किसी भी बैठक में इस गोशाला को लेकर कोई प्रस्ताव पारित नहीं हुआ है। ग्राम पंचायत छावा के प्रशासक महेश सिंह जादौन, महूकलां के प्रशासक सरपंच लखनलाल मनी, मुरारीलाल, ब्रह्मानंद शर्मा और अमरलाल ने एसडीएम विजेंद्र कुमार मीणा से अवैध कब्जा हटाने की मांग की है।

# मिठाई पाकर बच्चों के चेहारों पर खुशी

**कुम्हेर ।** कुम्हेर के भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष प्रशांत उपाध्याय के पुत्र मृत्युंजय का वार्ड-14 में संचालित बेलवाडी के बच्चों के साथ मनाया गया ! जन्म दिवस के कार्यक्रम के दौरान जब आगनवाड़ी केंद्र के बच्चों को फल मिला, मिठाई और स्कूल बैग बजरी केक तो बालवाड़ी केंद्र के बच्चों के माथे पर खुशी की मुस्कान उठी।

सभी ने तालियों के माध्यम से मृत्युंजय को जन्म दिवस की बधाई दी ! बाद में आयोजकों ने नागालैंड के सभी बालवाड़ी आँगन के 300 बच्चों को भी उपहार सामठ्री उपलब्ध कराई। इस अवसर पर सी.डी.पी.ओ. महेंद्र महाराजा ने कहा कि ऐसे कार्य से समाज में समरसता, करुणा और सहयोग की भावना बलवती होती है ! उन्होंने यूथ के लोगों से आठ्रह किया कि वे अपने बाल-बाल संघ के बच्चों के जन्म दिवस पर प्री-स्कूल शिक्षा प्राप्त करने वाले गरीब वर्ग के विद्यार्थियों-विद्यार्थियों के साथ मनाएं, जिससे बालवाड़ी के बच्चों में सुखद मित्र का संचार हो सके ।

जन्म दिवस के अवसर पर भाजपा नेता प्रशांत उपाध्याय ने कहा कि अक्सर बच्चों के जन्म दिवस पर किसी होटल में पार्टी कर साहिल की परंपरा चल रही है, जब बंचित वर्ग के बच्चों के साथ जन्म दिवस मनाया जाता है और बच्चों के जन्म पर खुशी का भाव देखा जाता है तो वे आत्म विभोर हो जाते हैं ! वे सहायकों की वे अन्य लोगों को भी अपने बच्चों के जन्म दिवस बॅलवाडी में संगम के लिए प्रेरित करेंगे । इस अवसर पर हरे आँगन, उनके परिवार, जन प्रतिनिधि, समाज के प्रतिष्ठित लोग, महिला पर्यवेक्षक सीता खंडेलवाल, बालवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाएँ आदि उपस्थित थे।

# राजकार्य में बाधा डालने को लेकर कलेक्टर से शिकायत

**करौली ।** करौली सामान्य चिकित्सालय के प्रमुख चिकित्सा अधिकारी ने जिला कलेक्टर को पत्र भेजकर अनाधिकृत लोगो द्वारा सो'ाल मीडिया पर चिकित्सालय कि छवि खराब करने एव महिलाओ कि निजता का उल्लंधन करने को लेकर 'ाकियत करते हुए कार्यवाही कि मांग कि है। सामान्य चिकित्सालय के प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. रामके'ा मीणा ने जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सैना को पत्र पे'ाकर बताया कि अनाधिकृत लोगों द्वारा सोशल मीडिया पर चिकित्सालय की छवि खराब करने व महिलाओं की निजता का उल्लंघन करने कि जानकारी मेरे संज्ञान में आई है कि पिछले कुछ दिनों से सोशल मिडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक पर एक तथा कतिथ न्यूज चैनल के एक अनाधिकृत व्यक्ति द्वारा अकारण एवं अनाधिकृत रूप से सामान्य चिकित्सालय करौली के विभिन्न वार्डो में घुसकर गैर कानूनी रूप से वीडियोठ्राफी कि जा रही है। तथा इसे अपने सोशल मीडिया पेज पर प्रसारित किया जा रहा उक्त व्यक्ति द्वारा वीडियोठ्राफी करने एवं प्रसारित करने से पूर्व व पश्चात संस्था प्रभारी से कोई वार्तालाप नहीं किया गया।

अतः इसका यह कृत्य आईटी एक्ट का सरासर उल्लघन की श्रेणी में आता है। साथ यह व्यक्ति बिना किसी कि अनुमति के महिला मेडिकल वार्ड में घुस कर वीडियोठ्राफी करता है। जो कि महिलाओं कि निजता के उल्लंघन की श्रेणी में आता है। अपने फेसबुक पेज पर उक्त वीडियोठ्राफी के प्रसारण के दौरान यह व्यक्ति अस्पताल के बारे में अनर्गल.भ्रामक एवं भडकाऊ भाषा का इस्तेमाल करता है। जिससे जिला अस्पताल के साथ साथ राज्य सरकार को छवि खराव हो रही है। उन्होने बताया कि अपने इस कृत्य के दौरान यह अस्पताल में कार्यरत स्टाफ को परेशान करता है। जिससे मरीजों को मिल रही सेवाओं का विपरीत प्रभाव पड़ता है। इसका यह कृत्य राजकार्य में बाधा कि स्थिति में भी आता है। साथ ही यह व्यक्ति अस्पताल के अति संवेदनशील वार्डों में जैसे आईसीयू में भी बिना प्रोटोकोल के प्रवेश करता है तथा मना करने पर दुर्व्यवहार करता है। उन्होने बताया कि वर्तमान समय में गर्मी के कारण लू-तापघात कि स्थिति बनी हुयी है तथा अस्पताल के वार्डों में भी क्षमता से भी अधिक मरीज भर्ती हो रहे हैं। ऐसे में इस प्रकार आम जनता को गुमराह करने वाले इस असंवैधानिक एवं गैर कानूनी कृत्य से स्वम सहित समस्त विकित्सालय स्टाफ का मनोवल कमजोर पड़ता है।

# बाल विवाह मुक्त करौली अभियान को लेकर बैठक हुई

**करौली ।** बाल विवाह मुक्त करौली अभियान के दूसरे चरण के अंतर्गत पंचायत समिति सभागार मासलपुर में ब्लॉक स्तरीय अधिकारी, बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी, सेवाप्रदाता, धर्मगुरु, सामुदायिक लीडर्स एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई।

एक्शनएड यूनिसेफ जिला समन्वयक दिनेश कुमार बैरवा ने बताया कि बताया कि बैठक बाल कल्याण समिति अध्यक्ष अनिल शर्मा की अध्यक्षता में की गई। बैठक में बाल कल्याण समिति सदस्य फजले अहमद ने बाल संरक्षण को लेकर जिला प्रशासन, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बाल अधिकारिता विभाग एवं एक्शनएड-यूनिसेफ द्वारा संचालित बाल मैत्रीपूर्ण एवं बाल विवाह मुक्त करौली अभियान के संबंध में सभी को विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बाल संरक्षण मुद्दों की शिकायत चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, जिला स्तरीय बाल विवाह नियंत्रण कक्ष के दूरभाष नंबर 07464-251335 एवं नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100 पर करने हेतु आमजन को प्रेरित करने पर जोर दिया। साथ ही मासलपुर में बाल संरक्षण को प्रभावी बनाने के लिए सभी अधिकारियों को आपसी समन्वय से कार्य करने के लिए प्रेरित किया।जिला युवा अधिकारी शरद त्रिपाठी ने बाल विवाह के दुष्परिणामों एवं बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के प्रावधानों से आमजन को अवगत करवाने हेतु ठ्राम पंचायत स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने एवं ठ्राम पंचायत स्तर पर युवा मंडलों के गठन करने माय भारत पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन हेतु ठ्राम विकास अधिकारियों को प्रेरित किया। एक्शनएड यूनिसेफ जिला समन्वयक दिनेश कुमार बैरवा ने कहा कि बच्चे हमारे भविष्य की नींव हैं। भारत में दुनिया के लगभग 19 प्रतिशत बच्चे रहते हैं। उनके अधिकारों की रक्षा केवल एक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि एक बेहतर भविष्य के लिए अनिवार्यता बन जाती है। हालांकि, वैश्विक स्तर पर बच्चे कई चुनौतियों का सामना करते हैं, जिनमें से एक प्रमुख चुनौती बाल विवाह की समस्या है। भारत में बाल विवाह एक गंभीर सामाजिक समस्या होने के साथ-साथ एक अपराध भी है। एक प्रमुख वैश्विक एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, दुनिया के एक तिहाई बाल दुल्हन भारत में हैं, जिससे यह बचपन में विवाह करने वाली महिलाओं और लडकियों की सबसे अधिक संख्या वाला देश बन जाता है। बाल विवाह की समस्या की गंभीरता को स्वीकार करते हुए, सुप्रीम कोर्ट ने इस मुद्दे पर अपने फैसले में विचार किया है। हाल ही में, सोसायटी ऑफ एनलाइटनमेंट एंड वॉलंटरी एक्शन बनाम भारत संघ (2024 प्छैब् 790) मामले में, सुप्रीम कोर्ट ने बाल विवाह को रोकने, पीड़ितों के पुनर्वास और उन्हें समाज में पुनः स्थापित करने के लिए व्यापक दिशानिर्देश जारी किए हैं। जिसके तहत राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण ने नालसा आशा (अवेयरनेस, सपोर्ट, हेल्प एंड एक्शन) मानक संचालन प्रक्रिया-2025 तैयार किया। यह मानक संचालन प्रक्रिया बाल विवाह की समस्या से निपटने के लिए एक संस्थागत ढांचा तैयार करने का लक्ष्य रखता है। जिसके तहत ठ्राम स्तर तक बाल विवाह की रोकथाम हेतु कार्य किया जायेगा।

## बैंड बाजों के साथ निकली कलश यात्रा

**सूरौठ।** तहसील के समीपवर्ती ठ्राम सोमली में आयोजित कि जा रही श्रीमद्भागवत भागवत कथा ज्ञान यज्ञ को लेकर ठ्राम के प्रमुख मार्गों से होते श्री गणेश पूजन के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई सोमली ठ्राम निवासी श्रीलाल कटारा, सम्पत्ति देवी,बाबूलाल कटारा रामदेई, मदनलाल कटारा मंजूलता व रमन कटारा, ओमप्रकाश कटारा, भगवान सहाय कटारा की ओर से करवाई जा रही श्रीमद् भागवत कथा से पूर्व आचार्य रमेश चंद्र शास्त्री जी पाचौलीं द्वारा विधि विधान पूर्वक कलशों का पूजन कराने उपरांत करीब 151 महिलाओं ने कलशों के साथ कलश यात्रा निकाली गई कलश यात्रा कथा स्थल से सूरौठ तहसील के सुप्रसिद्ध मुंशी बैड के साथ ठ्राम के प्रमुख मार्गों से होते हुए पुनः सीताराम जी , भोलेनाथ मंदिर होते हुए कथा स्थल पहुंची जगह जगह कलश यात्रा का पुष्प वर्षा करके तों कही ज्यूस पिलाकर, तों कही कोल्डड्रिंक पिलाकर, शरबत रोबजा व लस्सी पिलाकर स्वागत सत्कार किया गया कलश यात्रा में सूरौठ तहसील ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष राधेश्याम शर्मा पाली , सेवानिवृत्त न्यायाधीश सतीश शर्मा बाईजट्ट व ओमप्रकाश भुकरावली, रामनिवास खेड़ी हैवत,मनोज जगर, प्रणव शर्मा देवकीनंदन शास्त्री, ओमप्रकाश शुक्ला, राम पंडा, कमलेश पाराशर भूपेंद्र धुरसी व वेदप्रकाश शर्मा सियाराम शर्मा, राजेंद्र चतुर्वेदी, गुलाब जगर, कैलाश उपाध्याय, गंगाप्रसाद बंडा ढिंढोरा, सतीश पंडित ढिंढोरा राजगिरीश सहारिया,ललित शर्मा, लक्ष्मण चौधरी, मुकेश चौधरी, विकास शर्मा सहित कई लोग रहें उपस्थित श्रीमद् भागवत कथा दोपहर 12 बजे से सायं 5 बजे तक आचार्य रमेश जी शास्त्री पांचोली वालों के मुखारविंद से कथा सुनाई गई कथा सुनने के लिए सूरौठ तहसील सहित आस पास के क्षेत्रों से हजारों लोग कथा सुनने के लिए कथा स्थल पहुंचे कथा व्यास रमेश जी शास्त्री ने कथा के पहले दिन भागवत कथा का महत्व व महिमा एवं भक्तों के उद्धार कि कथा सुनाई गई। इस मौके पर हजारों भक्त गण रहे उपस्थित व शाम को भगवान कि आरती करने पश्चात् भक्तों को प्रसादी का वितरण किया गया।

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक ली

**सूरौठ ।** नगर कांठोस कार्यकर्ताओं कि मीटिंग डां प्रभु दयाल जी कि बगीची में मिटिंग आयोजित कि गई कांठोस ब्लॉक महासचिव राहुल मीणा व रिंकू मीना ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधानसभा प्रभारी रवि गुर्जर रहे व विशिष्ट अतिथि विधायक अनीता जाटव, देहात ब्लॉक अध्यक्ष योगेंद्र मावई , संगठन महामंत्री दलवीर चौधरी रहे व कार्यक्रम कि अध्यक्षता कांठोस जिलाध्यक्ष शिवराज मीणा के द्वारा कि गई जिसमें पधारे हुए सभी अतिथि गणों का सूरौठ कांठोस कार्यकर्ताओं कि ओर से माला व साफा पहनाकर जोरदार तरीके से भव्य स्वागत सम्मान किया गया सभी कांठोस कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर कार्य करने कि बात कही साथ साथ इस मौके पर पंचायत समिति सदस्य बृजेश भारद्वाज को सूरौठ नगर अध्यक्ष नियुक्त किया गया व जल्द से जल्द कार्यकारिणी घोषित करने को कहा, इस मौके पर कांठोस जिला महासचिव पुरूषोत्तम बंशीवाल, वेदप्रकाश शर्मा , मीडिया प्रभारी प्रमोद तिवारी व रामप्रताप पाराशर,मोहर सिंह, नाजरिन बानों, पूर्व मंडल अध्यक्ष बत्तू मेम्बर, सरपंच सेवकराम चौधरी , उपसरपंच श्यामसुंदर सैनी, कमल सैनी, कल्ला खान ,पप्पू मेंबर नवाब खान, मुकेश महावर सहित आदि कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

# धूमधाम के साथ निकली कलश यात्रा



करौली शहर के प्रमुख मार्गो से होकर निकलती कलश यात्रा मे शामिल लोग व कथा वाचक।

**करौली ।** करौली के मदन मोहन जी मंदिर में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा से पूर्व शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुए विशाल कलश यात्रा निकाली गई जिसमें महिला, पुरुष और युवा नाचते गाते जयकारे लगाते चल रहे थे। करौली शहर के चटीकना मोहल्ला स्थित भागीरथ शर्मा,बृजभूषण शर्मा परिवार की ओर से जन-जन के आराध्य देव भगवान मदन मोहन जी महाराज के मंदिर में श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का शुक्रवार से शुभारंभ हुआ ।

भागवत कथा वाचन से पूर्व करौली शहर के गणेश गेट स्थित गणेश मंदिर से भव्य कलश यात्रा शुरू हुई बैंड बाजे कि धुन पर कलश यात्रा में आगे आगे एक घोड़े पर सवार व्यक्ति धर्म ध्वज पताका लिए चल रहा था तो वही सैकडो की संख्या में महिलाएं रंग-बिरंगे परिधान पहनकर सर पर कलश लिए मंगल गीत गाते हुए चल रही थी कलश यात्रा में एक घोड़े पर कथा वाचक श्री विद्या उपासक पूजनीय संत श्री सनातन जी महाराज सवार होकर चल रहे थे कलश यात्रा शहर के भूडारा बाजार, पुरानी सब्जी मंडी, बड़ा बाजार, अनाज मंडी, सदर बाजार, फूटाकोट होते हुए मदन मोहन जी मंदिर प्रांगण में जाकर संपन्न हुई ।

कार्यक्रम के आयोजक बृजभूषण शर्मा, भागीरथ शर्मा ने बताया कि कथा का समय दोपहर 12:30 बजे से 5:30 बजे तक रहेगा कथा के पहले दिन कलश यात्रा निकाली गई वहीं आज शनिवार को भीष्म स्तुति,परीक्षित जन्म, श्रृंगी ऋषि श्राफ एवं सुखदेव जी आगमन कि कथा सुनाई जाएगी उन्होंने बताया कि कथा 25 अप्रैल शुक्रवार को हवन पूर्णाहुति के साथ संपन्न होगी।

## सार-समाचार

### मूक बधिर जीवों के लिए दाने पानी की व्यवस्था

**गंगापुर सिटी ।** मां बिजासन महारानी विकास समिति के तत्वाधान में जीव अनुकंपा संस्थान द्वारा मुक जीवों को संरक्षण के लिए प्रतिदिन हजारों हाथों के सहयोग से चारा, दाना, पानी, भोजन की व्यवस्था की जा रही है। संस्थान से जुडे वेद प्रकाश मंगल एवं सुनील गर्ग उदेई वाले ने बताया कि इस महाकुंभ में एक व्यक्ति ?1 प्रतिदिन देकर गाय, बंदर, पशु पक्षी आदि को चारा दाना पानी की व्यवस्था की जाती है। इस मुहिम में हजारों पशु पक्षी प्रेमी अपना योगदान दे रहे हैं। रीको औद्योगिक क्षेत्र में प्रतिदिन मुकेश मेडी, महेश चंद, लोकेश, मनसुख मेडी, सुभाष, कृष्णा, चेतन माइक्रो, कैलाश चंद, राजेंद्र गैरई, विजय गुप्ता, श्रीमती मंजू देवी, प्रियंका देवी, गुड्डी देवी, तनु अग्रवाल आदि सुबह 7.30 बजे से इस प्रकल्प में जाकर अपना सहयोग प्रदान कर रहे हैं। संस्था को अब तक हजारों लोगों ने 1 रूपए प्रतिदिन यानी 30॰ रूपए माह देकर इस महाकुंभ में पुण्य कमा रहे है।

### ब्लॉक कोडिनेटर नियुक्त

**करौली ।** जिला कांगेस कमेटी करौली के जिला अध्यक्ष शिवराज मीणा द्वारा एवं प्रदेश महासचिव जिला प्रभारी संजय कुमार जाटव विधायक बसेड़ी कि सहमति से ब्लॉकों में ब्लॉक कोर्डिनेटरो कि नियुक्ति कि गई है। जिला अध्यक्ष 'ािवराज मीणा ने बताया कि सपोटरा ब्लॉक सुनील सैनी, कैला देवी ब्लॉक रामविलास जाटव, करौली शहर ब्लॉक,रामकुमार बैरवा, करौली देहात ब्लॉक नेमीचंद जाटव, टोडाभीम ब्लॉक रामेश्वर मुंडरी, नादोती ब्लॉक नरेश गुर्जर, हिंडौन शहर ब्लॉक सूरज सिंह गुर्जर, हिंडौन देहात ब्लॉक विशंभर दयाल शर्मा को नियुक्त किया गया है। उक्त सभी ब्लॉकों में नियुक्त प्रभारी राजस्थान प्रदेश कांठोस कमेटी द्वारा नियुक्त विधानसभा बार पर्यवेक्षकों से समन्वय स्थापित करके ब्लॉक एवं मंडल कि बैठक में भाग लेना सुनिश्चित करेंगे।

### राहुल गांधी का पुतला फूंका

**करौली ।** भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओ ने ने'ानल हेराल्ड के'ा को लेकर कलेक्ट्रेट सर्किल पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी का पुतला फूककर विरोध प्रर्दान किया। भाजयुमो के जिला मंत्री वैभव पाल ने बताया कि युवा मोर्चा करौली के द्वारा कांठोस पार्टी के व्यापक घोटाले नेशनल हेराल्ड केस जिसमे सार्वजनिक धन और राष्ट्रीय विरासत को अपनी निजी संपत्ति समझा जिसमे जेएल को अपने नियंत्रण में लेकर जिसकी संपत्ति 2000 करोड़ से अधिक थी।जिसको पत्रकारिता और जनसेवा के लिए बनाया गया इसी तर्ज पर दोषियों कि कार्यवाही के लिए कांठोस के शीर्ष नेतृत्व राहुल गांधी का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया गया कार्यक्रम भाजयुमो प्रदेश मंत्री व संभाग प्रभारी अर्जुन सिंह धाभाई कि उपस्थिति में युवा मोर्चा के कार्यक्रम संयोजक भाजयुमो जिला मंत्री वैभव पाल के नेतृत्व में पुतला फूका गया इस अवसर पर युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष कान्हा व्यास, प्रियांशु सिंह महोली, केशव भारद्वाज,अभिषेक उपाध्याय,देव प्रताप सिंह जादोन,युवराज सिंह, संदीप सिंह आनंदगढ़,दीपेंद्र सिंह,संजय सैन,राहुल सैन,शिवदेव राजावत,करण सिंह, तरनजीत व वेदप्रकाश आदि भाजयुमो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### शिक्षक संघ राष्ट्रीय की बैठक संपन्न

**गंगापुर सिटी ।** राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्ीय की जिला बैठक मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय के सभागार में आयोजित की गई। बैठक में 44 शिक्षक कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। कार्यत्र्कम का शुभारंभ राष्ट्र गीत वंदे मातरम से हुआ। जिला संगठन मंत्री बजरंग लाल गुर्जर ने बैठक की अध्यक्षता की। सभा अध्यक्ष कमल राम मीणा भी उपस्थित रहे। प्रदेश प्रभारी और प्रदेश उपाध्यक्ष दीनदयाल शर्मा ने शिक्षकों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने समाधान का आश्वासन दिया। शर्मा ने कहा कि संगठन हमेशा शिक्षकों की समस्याओं को मजबूती से उठाता रहा है। बैठक में संगठन की मजबूती और सदस्यता पर विस्तृत चर्चा हुई। चारों उप शाखाओं के सदस्य और जिला कार्यकारिणी के सदस्य मौजूद रहे। प्रदेश समिति सदस्य तारा वर्मा भी कार्यत्र्कम में शामिल हुईं। आगामी कार्यत्र्कमों की रूपरेखा पर चर्चा की गई। प्रदेश पर्यवेक्षक दीनदयाल शर्मा ने संगठन को राष्ट ीय भावना से प्रेरित बताया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से सेवा कार्यों में सत्र्िय भागीदारी का आ ान किया। बैठक का समापन शांति पाठ के साथ हुआ। जिला मंत्री मोहनलाल शर्मा ने मंच का संचालन किया।

### भामाशाह सम्मान समारोह आयोजित

**जूनाटन ।** मदरपुर रोड स्थित जाट समाज के दर्शन भवन में भामाशाह समारोह का आयोजन किया गया। भवन निर्माण में सहयोग करने वाले भामाशाहों समिति द्वारा किया गया सम्मानित। वर्ल्ड मेडिकल कॉलेज झज्जर के अध्यक्ष डॉक्टर नरेंद्र सिंह फौजदार कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे। डीआरएएस अधिकारी डॉ. भीम सिंह फौजदार, डॉ. राकेश दशमांश, अनिल सिंह अद्वितीय, धर्मवीर सिंह दिल्ली, उत्तम सिंह, अजय प्रेमी, सीपी सिंह ब्रज हनी, दामोदर सिंह पाठ्यक्रम में सामान्य अतिथि मौजूद रहे । समिति के सदस्यों ने साफा माला पहनाकर व महाराजा जवाहर सिंह जी के चित्रकार सभी समर्थकों का स्वागत सम्मान किया। इस मौके पर भामाशाह डॉक्टर नरेंद्र सिंह फौजदार ने कहा कि महाराजा जवाहर सिंह मेमोरियल कमेटी द्वारा किया जा रहा भवन निर्माण का कार्य बेहद कठिन है। भवन निर्माण पूरा होने के बाद समाज के सभी लोगों को लाभ मिलेगा। भवन निर्माण में 50 लाख रुपए का सर्वोच्च सहयोग डॉ. नरेंद्र फौजदार ने किया है। कार्यक्रम के अन्य उद्यमों ने भी समितियों के कार्यकलापों की शोभा बढ़ाई। समिति के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सोगरवाल ने समिति के कार्यकलापों का प्रस्तुतिकरण किया।

## भाजपा की नीतियों का विरोध

**कामां ।** कस्बे में कांग्रेस पार्टी की ओर से कांग्रेस के कामां विधानसभा प्रभारी गव्वर सिंह मीणा के नेतृत्व में श्रीचंद गोंड व कामां ब्लांक अध्यक्ष फज्जर खान के मुख्य आतिथ्य में केंद्र की भाजपा सरकार के खिलाफ अंबेडकर पार्क के सामने धरना-प्रदर्शन कर विरोध जताया। हाथों में पार्टी के झंडे व बैनर लेकर निकला नारेबाजी करते हुए जुलूस निकाला। विधानसभा प्रभारी गव्वर सिंह मीणा ने बताया कि भाजपा सरकार के इशारे पर नेशनल हेराल्ड की संपत्ति को जप्त करने की कार्रवाई तथा कांठोस नेतृत्व के विरुद्ध ईडी द्वारा बिना कानूनी प्रक्रिया अपना कर चार्ज शीट प्रस्तुत करने के विरोध में यह विरोध प्रदर्शन किया गया। धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए श्रीचंद गोंड ने भाजपा सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि केंद्रीय भाजपा सरकार के खिलाफ जब विपक्षी नेताओं द्वारा जनहित के मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाया जाता है तथा सरकार की अनियमिताओं एवं भ्रष्टाचार को उजागर किया जाता है। तब भाजपा सरकारी एजेंसियों का दुरुपयोग कर ईडी और सीबीआई द्वारा विपक्षी नेताओं को डराने धमकाने का असफल प्रयास करती रही है। भरतपुर सांसद प्रतिनिधि चंदन सिंह जाटव ने कहा कि बिना कानूनी प्रक्रिया अपनाएं राष्ट्रीय नेता श्रीमती सोनिया गांधी एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के विरुद्ध ईडी द्वारा चार्ज शीट प्रस्तुत करने की कार्रवाई का कड़ा विरोध करते हुए भाजपा सरकार की निंदा की। प्रभारी गव्वर सिंह मीणा ने कहा कि जब-जब भाजपा सरकार के काले कारनामों को उजागर किया जाता है तब तब केंद्रीय भाजपा सरकार ईडी, सीबीआई आदि का ब्रह्मास्त्र के रूप में उपयोग करती है।

पश्चिम मध्य रेल
निविदा सूचना
सिग्नल एवं दूर संचार विभाग
भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से वरि. मं. सं. एवं दूं. सं. इंजी. (सिग्नल एवं दूर संचार) पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा मंडल, निम्नलिखित कार्यों KOTA/S&T/Tele/2024/05 एवं KOTA/S&T/Tele/2024/06 के लिये निर्धारित ई- निविदाएं आमंत्रित करते है टेंडर खुलने की तारीख एवं समय 14.05.2025 को 15:00 बजे है। इस निविदा के लिये किसी भी तरह के मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है और किसी भी तरह के प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव को नजरअंदाज कर दिया जायेगा। **टेंडर संख्या-** कोटा/एसएण्डटी/टेली/2024/05, **कार्य का नाम-** एनुअल मेन्टेनेन्स कॉन्ट्रैक्ट फॉर रिफिलिंग एंड हाइड्रोलिक टेस्टिंग ऑफ फायर एक्स्टेनगुइशेर फॉर थ्री इयर्स ऑफ एसएंडटी डिपार्टमेंट ऐट कोटा डिवीजन ऑफ पश्चिम मध्य रेलवे, **कार्य की लागत-** रू. 21,94,622.56, **टेंडर फॉर्म की कीमत -** निल, **बयाना राशि-** रू. 43900/-, **टेंडर संख्या-**कोटा/एसएण्डटी/टेली/2024/06, **कार्य का नाम-** एनुअल मेन्टेनेन्स कॉन्ट्रैक्ट फॉर थ्री इयर्स ऑफ वाइस् डाटा लॉगर एट टेस्ट रूम फॉर कंट्रोल सर्किट्स ऑफ कोटा नागदा एंड कोटा गंगापुर कोटा - चितोड़गढ, कोटा-रूठियाई, गंगापुर-मथुरा सेक्शन ऑफ कोटा डिवीजन ऑफ पश्चिम मध्य रेलवे, **कार्य की लागत -** रू. 6,34,550.37, **टेंडर फॉर्म की कीमत-** निल, **बयाना राशि-** रू.12700.00/-, **उपरोक्त सभी निविदाओं में कार्य समाप्ति अवधि-** 36 माह, **उपरोक्त सभी टेंडर जमा करने की आखिरी तारीख एवं समय-** दिनांक 14.05.2025 को 15:00 बजे तक, पूर्ण विवरण वेबसाईट https://www.ireps.gov.in पर अपलोड की गई है। निविदा/बोलीदाताओं के पास क्क्षा ।।। डिजीटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना आवश्यक है और आई.आर.ई.पी.एस. पोर्टल पर रजिस्टर होना चाहिये। केवल पंजीकृत निविदा/बोलीदाताओं ई-टेण्डरिंग पर भाग ले सकते है। सभी आवश्यक दस्तावेज ई-निविदा में भाग लेने के समय में अपलोड किया जाना चाहिये। पंजीकृत निविदा एंड GSTIN रजिस्टर होना चाहिये।
(हस्ता.)
वरि. मं. सं. एव दू. सं. इंजी/समन्वय, पमरे, कोटा
स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर